Roll No..................................

Total No. of Questions—8]

[Total No. of Printed Pages—4

11T1KJ8

1502

HINDI

PAPER—First Term

Maximum Marks—45

Time Allowed—$2\frac{1}{2}$ Hours

Note : In case of failures/re-appear cases and fresh private candidates; i.e. candidates appearing for the first time after having passed Secondary School Examination, marks secured out of 45 shall be raised proportionately as if obtained out of 75.

1. निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

काबा फिरि कासी भया, रामहिं भया रहीम।
मोट चून मैदा भया, बैठ कबीरा जीम॥
देह धरे का दण्ड है, सब काहू कौं होय।
ज्ञानी भुगते ज्ञान करि, मूरख भुगतै रोय॥

अथवा

पिय बिनु नागिनि कारी रात।
जौं कहूं जामिनि उवति जुन्हैया, डसि उलटी ह्वै जात।
जन्त्र न फुरत मंत्र नहिं लागत, प्रीति सिरानी जात।
सूर स्याम बिनु विकल विरहिनी मुरि-मुरि लहरै खात॥ 5

P. T. O.

2. निम्नलिखित में से किसी **एक** कवि का साहित्यिक परिचय लिखिए :

(i) सूरदास

(ii) कबीरदास।

अथवा

निम्नलिखित में से किसी **एक** कविता का सार लिखिए :

(i) रासलीला

(ii) मुरली। 5

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

सत्वगुण के समुद्र में जिनका अंत:करण निमग्न हो गया वे ही महात्मा; साधु और वीर हैं। वे लोग अपने क्षुद्र जीवन को परित्याग कर ऐसा ईश्वरीय जीवन पाते हैं कि उनके लिए संसार के सब अगम्य मार्ग साफ हो जाते हैं।

अथवा

कश्मीर में हिन्दी को सरकारी संरक्षण डोगरा शासक महाराजा रणवीर सिंह जी के शासनकाल में मिला, जिन्होंने हिन्दी को एक सरकारी भाषा के रूप में (देवनागरी लिपि में) मान्यता प्रदान की। 5

4. निम्नलिखित निबन्ध का सार लिखिए :

'चारु-चरित्र'

अथवा

'चंदा' का चरित्र-चित्रण कीजिए। 5

5. निम्नलिखित में से किसी **एक** कहानी का सार लिखिए :

(i) करवा का व्रत

(ii) ताई। 5

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए :

(i) 'एक गौ' कहानी के आधार पर हीरा सिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ii) 'वापसी' कहानी के आधार पर गजाधर बाबू का चरित्र-चित्रण कीजिए 5

7. भारत सोने की चिड़िया थी। उन दिनों यह एक स्वतंत्र देश था। अंग्रेजो ने यहाँ अपना राज्य जमाना चाहा। पहले उन्होंने छोटी-मोटी व्यापारिक कम्पनियाँ खोलीं। पीछे धीरे-धीरे उन्होंने सारा देश गुलाम बना लिया। उनका शासन बड़ा कठोर था। उन्होंने इसका जी भर कर दमन किया। डेढ़ सौ वर्ष तक वे हमारे देश का दोहन करते रहे।

(i) उपर्युक्त अनुच्छेद का शार्षक लिखिए।

(ii) अनुच्छेद का सार लिखिए। 4+1=5

8. (क) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) सूरदास के गुरु का नाम .... था।

(ii) कबीर के बेटे का नाम .... था।

(iii) विनय-पत्रिका .... के द्वारा रचित है।

(iv) कबीर का पालन-पोषण .... ने किया। 1×4=4

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(i) हीरा सिंह किस कहानी का पात्र है ?

(ii) 'ताई' कहानी किसके द्वारा लिखित है ?

(iii) 'लाजवन्ती' किस कहानी की पात्र है ? 1×3=3

(ग) निम्नलिखित में से किसी **एक** मुहावरे का प्रयोग अपने वाक्य में कीजिए :

(i) अँधे की लाठी

(ii) आँख लगना

(iii) आसमान पर थूकना। 1

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :

(i) घर

(ii) नदी

(iii) बेटा

(iv) आकाश। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(ङ) निम्नलिखित में से किसी **एक** पदबंध के लिए एक शब्द लिखिए :

(i) नगर से सम्बन्धित

(ii) धर्म का मर्मज्ञ

(iii) विज्ञान का ज्ञाता। 1